Regarding need to improve mobile network services in Kokrajhar Parliamentary Constituency, Assam-Laid

श्री जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) **:** मेरा संसदीय क्षेत्र कोकराझार असम बोडोलैंड टेरोटोरिअल रीजन में आता है तथा यह इलाका भारत-भूटान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसा हुआ है । इस पूरे इलाके में भारतीय मोबाइल नेटवर्क की स्थिति बहुत खराब है, कई बार इस विषय में भारत सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया गया है । इस पूरे इलाके में भारतीय मोबाइल कंपनियों का नेटवर्क काम ही नहीं करता लेकिन यहाँ पर आपको भूटान की मोबाइल कंपनी का नेटवर्क आसानी से मिल जाता है और यहाँ रहने वाले लोग भूटान के मोबाइल नेटवर्क का ही अधिक उपयोग कर रहे हैं जो कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ठीक नहीं है ।

असम के बोडोलैंड टेरोटोरिअल रीजन में भारत-भूटान सीमावर्ती गांवों को संचार के लिए भूटान मोबाइल कंपनी और भूटान मुद्रा का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ता है क्योंकि उन्हें भारतीय मोबाइल नेटवर्क और बैंकों का उपयोग करने को नहीं मिल रहा है । इस पूरे इलाके कक्राझा, चिंश, बक्सा, तामीलपुर, चिरोग, दरांग और उदालगुरी में मोबाइल सर्विस की हालत इतनी खराब है की कॉल ड्राप 80 प्रतिशत तक है । बीएसएनएल को इस विषय में कई बार कहा गया है पर फिर भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका है । मेरे संसदीय क्षेत्र और इस पूरे इलाके पहाड़ी जिलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकारी तथा प्राइवेट कंपनियों के मोबाइल टावरों की आवश्यकता है । इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मोबाइल कनेक्टिविटी मिलेगी तथा इन सीमावर्ती क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा । इस इलाके में सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के सभी कैम्प्स में भी यही समस्या है यहाँ भी एक-दो कैम्प्स को छोड़ कर किसी में भी भारतीय मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता । मेरा सरकार से अनुरोध है की इस विषय में तुरंत ध्यान दे और क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति को ठीक करने के लिए उचित कदम उठाये ।